हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 11 नवम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज की प्रथम संगठनात्मक बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

2



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed.
(Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed
(Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed
(Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सचेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# प्रो. लकपाले एसजीजीयू के कुलपति नियुक्त, आज ग्रहण करेंगे प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ अनेक चुनौतियां हैं सामने




राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका ने इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर के प्रोफेसर डॉ.राजेन्द्र लकपाले को संत गहिरा गुरू विवि का कुलपति नियुक्त किया है। कुलपति नियुक्ति के लिए दो महीने पूर्व साक्षात्कार होने के कारण लम्बे समय से कुलपति की नियुक्ति का इंतजार किया जा रहा था। नव नियुक्त कुलपति प्रो.लकपाले मंगलवार को अपना प्रभार ग्रहण करेंगे।

नवपदस्थ कुलपति प्रो.लकपाले के कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत अब लम्बे समय से लंबित नीतिगत मामलों के निराकरण में तेजी आएगी। एसजीजीयू में धारा 52 लागू होने के बाद अस्तित्वहीन हो चुकी कार्यपरिषद् का निकट भविष्य में गठन किया जाएगा तथा कार्यपरिषद् की बैठकों में नीतिगत मामलों में निर्णय लिया जाएगा। नव पदस्थ कुलपति को कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ेगा। एसजीजीयू के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती भवन की है। स्थापना के 17 वर्षों बाद भी विवि को अपना भवन उपलब्ध नहीं हो सका है। विवि के भवनों का निर्माण पिछले 6 वर्षो से चल रहा है लेकिन अभी तक प्रशासनिक कार्यालय, यूटीडी, छात्रावास सहित अन्य आवश्यक भवनों का निर्माण अधूरा है। अभी भी विवि के शिक्षण विभागों का संचालन उधार के एक-एक कमरों में किया जा रहा है। शैक्षणिक वातावरण के लिए भवन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का अहम योगदान है। विवि के शैक्षणिक विभागों के विस्तार एवं नए रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को शुरू करने की जरूरत लम्बे समय से महसूस की जा रही है। विवि शैक्षणिक विभाग में रिक्त पदों पर शैक्षिक एवं अशैक्षिक कर्मचारियों की नियुक्ति एवं प्रशासनिक कार्यालय में स्थापना काल से सेवा दे रहे कर्मचारियों का नियमितिकरण की चुनौती सामान्य नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों की तरह समय पर परीक्षा कराना एवं परिणाम घोषित करना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। परीक्षा एवं परिणाम में लेटलतीफी से विद्यार्थी दूसरे विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वंचित हो सकते हैं। एक बड़ी चुनौती कॉलेजों में प्रवेश कम होने, सीटें रिक्त रहने एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में भारी कमी आने की है। परीक्षा परिणाम में सुधार हो इसके लिए कक्षाओं का गुणवत्तायुक्त संचालन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति जरूरी है। एसजीजीयू के दो कुलपतियों को लगातार धारा 52 के तहत बाहर का रास्ता दिखाने से विवि की साख पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। विवि की कार्यप्रणाली, स्थानीय लोगों के बढ़ते हस्तक्षेप को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। विवि की छवि को एक उच्च शैक्षणिक एवं प्रशासनिक संस्था के रूप में पुनर्स्थापित करने की चुनौती भी नए कुलपति के समक्ष होगी।

## खबर संक्षेप

### प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ आज अम्बिकापुर में



**अम्बिकापुर।** राष्ट्रवादी प्रखर वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ 11 नवंबर को रायपुर से सड़क मार्ग द्वारा अंबिकापुर पहुंचेंगे। शाम 5:30 बजे साइबहार बैरियर पर लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना ट्रस्ट द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। वे शाम 6 बजे मां महामाया का दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे तथा 6.30 बजे हाथी पखना गणपति धाम में गणपति की आराधना कर सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। 12 नवम्बर को श्री कुलश्रेष्ठ सुबह 11 बजे सरस्वती महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे तथा शाम 5 बजे पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आत्मनिर्भर भारत एवं लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन दर्शन पर व्याख्यान देंगे। श्री कुलश्रेष्ठ के कार्यक्रम को लेकर लोकमान्य बालगंगाधर तिलक गणपति स्थापना ट्रस्ट की बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई।

### ई-ऑफिस के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण आज

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के समस्त विभागों एवं कार्यालयों में ई-ऑफिस के सुचारू रूप से संचालन हेतु कार्यालय कलेक्टर के सभागार में 11 नवम्बर को प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण का समय 10.30 बजे से 12.30 बजे तक जिसके मास्टर ट्रेनर रवि निषाद हैं, वहीं दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक जिसके मास्टर ट्रेनर विनोद देवांगन होंगे। प्रशिक्षण में जिले के नमांकित मास्टर ट्रेनर्स, नोडल ऑफिसर एवं जिला स्तर से प्रत्येक विभाग से कम से कम 2 अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### पिकअप सहित 143 बोरी अवैध धान जब्त

**अम्बिकापुर।** धान खरीदी की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है बिचौलियों ने पड़ोसी राज्यों का धान तस्करी करने में पूरी ताकत लगा दिया है। रविवार को रामानुजगंज एसडीएम अनंत राम नेताम के नेतृत्व में टीम ने 143 बोरी अवैध धान सहित एक पिकअप को जब्त किया है। रविवार को देर शाम रामानुजगंज एसडीएम श्री नेताम ग्राम विशपुर एवं ग्राम गाजर के मध्य जंगल के रास्ते तस्करों द्वारा पड़ोसी राज्य झारखण्ड का धान परिवहन करने की जानकारी मिली थी। सूचना मिलते ही एसडीएम राजस्व व पुलिस टीम के साथ घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। इधर तस्करों को एसडीएम के आने की भनक लगी तो तस्कर जंगल में ही धान रखकर छिप गए। जंगल के भीतर 5 किमी चलने पर लावारिस धान मिलने पर एसडीएम ने जब्ती की कार्रवाई की। इस दौरान जंगल में 143 बोरी धान जब्त किया गया। एसडीएम श्री नेताम ने बताया कि गश्ती के दौरान टीम ने अवैध धान लोड एक पिकअप को जब्त किया है जबकि अवैध धान परिवहन में शामिल दो पिकअप चालक धान को जंगल में ही रखकर वाहन के साथ फरार हो गए। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक टीम अवैध धान के परिवहन एवं भण्डारण की निगरानी करने के साथ ही लगातार कार्रवाई कर रही है।

## दिन भर चला मान मनौव्वल का दौर

# हिरासत में मौत का मामला : परिजन ने शव लेने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ पुलिस पर शव को जबरन गृह ग्राम भेजने का आरोप, परिजन थाना के सामने दिया धरना

बलरामपुर कोतवाली पुलिस कस्टडी में मौत को लेकर दूसरे दिन भी बवाल जारी रहा। दोषियों के खिलाफ निलंबन, एफआईआर दर्ज करने व फिर से पीएम कराने की मांग को लेकर अडिग परिजन ने शव लेने से इनकार कर दिया है। इस दौरान बलरामपुर में दिनभर तनावपूर्ण माहौल रहा। पुलिस ने परिजन के बिना की शव को वैन में डालकर उसके गृह ग्राम के लिए रवाना कर दिया जिसके बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा और उन्होंने कोतवाली का घेराव करने के साथ ही धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। सबसे बड़ी बात यह है कि बॉडी दिन में रवाना करने के बाद भी देर शाम तक मृतक के गृह ग्राम नहीं पहुंची जबकि परिजन भी बिना शव लिए ही वापस घर लौट आए है।

बता दें कि बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित धनंजय ज्वेलर्स में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने सीतापुर के ग्राम नकना निवासी उमेश सिंह को हिरासत में लिया था। पुलिस युवक से पूछताछ करने के साथ ही चोरी का सोना चांदी बरामद करने का प्रयास कर रही थी और इसमें पुलिस को सफलता भी मिली लेकिन 9 नवम्बर की सुबह अचानक ही पुलिस हिरासत के दौरान ही उमेश सिंह की तबियत बिगड़ गई जिसके बाद उसे आनन फानन में भोर के 4.20 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां 4.45 बजे तक उसे मृत घोषित कर दिया गया था। पुलिस कस्टडी में युवक की मौत के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया था। इस मामले में पुलिस की ओर से पहले ही न्यायिक जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी और शव का पीएम न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में डॉक्टरों की टीम ने लिया लेकिन पीएम के बाद परिजन ने शव लेने से इनकार कर दिया था। परिजन का कहना था कि मौके पर सिर्फ उसकी मां और बहन थे और उन्हें भी शव देखने नहीं दिया गया। परिजन की गैर मौजूदगी में पीएम किया गया। परिजन फिर से शव का पीएम कराने के साथ ही युवक को हिरासत में लेकर आने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने और निलंबन की मांग कर रहे थे। इसी मांग को लेकर उन्होंने रविवार को शव लेने से इनकार कर दिया था, परिजन का कहना है कि युवक की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है। युवक को पुलिस ने घर से उठाकर बेहरमी से पीटा। इसके बाद परिजन पूरी रात जिला अस्पताल में भी मौजूद रहे। इधर पुलिस का कहना है कि युवक सिकलिंग की बीमारी से ग्रसित था और उसकी मौत अस्पताल में उपचार के दौरान हुई है।



चक्काजाम करते परिजन व ग्रामीण।

### सड़क पर बैठकर जताया आक्रोश

रातभर चली समझाइश और मान मनौव्वल के बाद भी जब परिजन नहीं माने तो सोमवार की सुबह पुलिस ने शव को एंबुलेंस में भरकर ग्राम नकना के लिए रवाना कर दिया। पुलिसकर्मी ने परिजन को इसकी जानकारी दी तो परिजन ने जबरन शव भेजने का विरोध शुरू कर दिया। मृतक की मां का आरोप है कि उसके बेटे को कोई बीमारी नहीं थी और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई जिससे उसकी मौत हुई। जब उन्होंने जबरन शव को भेजने से रोकना चाहा तो जिला अस्पताल का दरवाजा बंद कर उन्हें घेर लिया गया था। इसी बात से आक्रोशित होकर परिजन ने कोतवाली थाना का घेराव करने के साथ ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। लगभग 25 से 30 की संख्या में परिजन थाना के सामने सड़क पर बैठ गए और नारेबाज की। इस दौरान क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। पुलिस विरोध प्रदर्शन और सड़क पर आवागमन बाधित होने के कारण पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पडा। पुलिस ने लाठी भांजकर भीड़ को हटाया।

### बिना शव लिए ही लौटे परिजन

दिनभर चले विरोध प्रदर्शन और हंगामे के बीच परिजन पुलिस से बात करने को तैयार नहीं थे और अपनी मांग पर अड़े हुए थे। ऐसे में जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर आरएस लाल, एसडीएम व अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और परिजन को समझाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बन पाई। दिनभर चले प्रदर्शन के बाद जब परिजन को कोई मदद नहीं मिली तो वे बिना शव लिए ही देर शाम वापस लौट गए।

### नहीं पहुंचा शव

पुलिस कस्टडी में युवक की मौत के बाद पीएम की प्रक्रिया रविवार को ही पूर्ण कर ली गई थी लेकिन परिजन शव लेने को तैयार नहीं हुए। ऐसे में पुलिस ने शव को बिना परिजन के रवाना कर दिया। ऐसे में स्थिति और भी बिगड़ गई। बड़ी बात यह है कि शव को सुबह में रवाना किया गया था और देर शाम तक परिजन भी घर पहुंच गए लेकिन शव ग्राम नकना नहीं पहुंचा। इधर गांव में बड़ी संख्या में लोगों भीड़ एकत्रित हो गई थी और समाचार लिखे जाने तक पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ ही सर्व आदिवासी समाज के लोग भी मृतक के घर पहुंचे हुए थे। हालांकि बताया जा रहा है कि शव सुपुर्दनामा नहीं होने की स्थिति में बॉडी को फिलहाल राजपुर सीएचसी के मर्च्युरी में रखवा दिया गया है और अब मंगलवार को इस मामले में कोई हल निकलने की उम्मीद है।

### रखवाया गया है मर्च्युरी में

मृतक के शव का मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पीएम किया गया है और मामले की न्यायिक जांच चल रही है। परिजन पुलिस की बात सुनने को तैयार नहीं है। हमने शव को फिलहाल मर्च्युरी में सुरक्षित रखवाया है।

-**विश्वदीपक त्रिपाठी**, एएसपी

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

परिजन की जिद है कि पहले ही एफआईआर कर दिया जाए लेकिन कानून व्यवस्था के तहत जांच उपरांत ही एफआईआर का प्रावधान है। मजिस्ट्रियल जांच गठित हो गया है उसमें जो तथ्य सामने आएंगे उसके पश्चात ही दोषियों पर आगे की कार्रवाई होगी। परिजन को समझाइश दिया गया है।

-**आरएस लाल**
अपर कलेक्टर बलरामपुर



# एमबीबीएस छात्र छात्राओं को दिया गया सफेद कोट, दिलाई चरक शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ एडमिशन की प्रक्रिया पूर्ण, नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का किया गया स्वागत

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में यूजी की सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नव प्रवेशित एमबीबीएस छात्र-छात्राओं के लिए वाईट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को कॉलेज के अधिष्ठाता, अधीक्षक सहित अन्य प्रोफेसरों ने वाईट कोट पहनाकर प्रवेश कराया इसके साथ ही उन्हें चरक शपथ दिलाई गई।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज में यूजी की 125 सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। कॉलेज में स्टेट कोटा में 104, ऑल इंडिया कोटा में 18 और सेंट्रल पूल कोटा में 3 सीटों पर एडमिशन पूर्ण हुए। शेष बचे सेंट्रल पूल कोटा में लद्दाख कारगिल से एक छात्रा ने एडमिशन लिया। एडमिशन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 2025 बैच एमबीबीएस छात्र छात्राओं के लिए सफेद कोट व चरक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम ने नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उनका स्वागत किया व चिकित्सा शिक्षक के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों को विशेष रूप से समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। डीन डॉ. मेश्राम ने कहा कि आप सभी भविष्य के चिकित्सक हैं, और आपका कर्तव्य केवल इलाज तक सीमित नहीं है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप स्थानीय लोगों को समझें और उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप तदनुसार कार्य करें। सेवाभाव ही इस पेशे का मूल मंत्र है। अधीक्षक डॉ. रमेश चंद्र आर्या ने भी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अनुशासन और समर्पण के साथ चिकित्सा धर्म का पालन करने पर ज़ोर दिया। इस बार वाईट कोट सेरेमनी में कार्यक्रम का मुख्य समन्वय एवं संचालन एमबीबीएस 2024 बैच के छात्रों द्वारा किया गया। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए, नए छात्रों को मार्गदर्शन दिया और इस आयोजन को एक यादगार रूप दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सफेद कोट समारोह एवं चरक शपथ था। डीन डॉ. मेश्राम, अधीक्षक डॉ. आर्या के साथ ही अन्य फैकल्टी ने छात्रों को चिकित्सा की दुनिया में प्रवेश का प्रतीक सफेद कोट प्रदान किया गया और उन्हें प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति की नैतिकता पर आधारित चरक शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त, रजक जयंती प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण द्वारा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मितानिन की मौत

**अम्बिकापुर।** बनारस रोड पेट्रोल पंप के समीप ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार मिलानीन की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई वहीं दंपति को मामूली चोटे आई।

मितानीन गांव के ही गर्भवती महिला को उसके पति के साथ बाइक से शहर में सोनोग्राफी कराने के लिए आ रही थी। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम शिवसागरपुर निवासी मितानीन सुनिता राजवाड़े पति रमाशंकर राजवाड़े (35 वर्ष) आज दोपहर गांव के ही एक गर्भवती महिला को उसके पति साथ बाइक से सोनोग्राफी कराने शहर आ रही थी। जैसे ही बाइक सवार बनारस रोड पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में मितानिन चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि गर्भवती महिला व उसके पति को मामूली चोटें आई। मितानिन को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल लाश को मरच्यूरी में रखा गया है।

# कलयुगी बेटे ने पिता को डण्डे से पीट-पीटकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

■ छोटी बहु के नाम पर जमीन रजिस्ट्री होने से था नाराज

कलयुगी पुत्र ने अपने पिता की बेदम पिटाई कर हत्या कर दी। जमीन में छोटी बहु को हिस्सा देने से नाराज होकर आरोपी ने डंडे से पिता के सिर पर वार किया जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इधर घटना को अंजाम देकर भाग रहा आरोपी खुद भी सड़क हादसे का शिकार हो गया। फिलहाल आरोपी को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम गुतुरमा सतनामी पारा निवासी 80 वर्षीय रूपधर राम सतनामी अपने बेटे और बहुओं के साथ रहता है जबकि उसका एक बेटा नेतराम सतनामी बैकुंठपुर में अपने परिवार के साथ रहता है। नेतराम का पुत्र भी पशु विभाग में कार्यरत है। बताया जा रहा है कि रूपधर राम सतनामी ने अपनी छोटी बहु के नाम से जमीन के कुछ हिस्से की रजिस्ट्री कर दी थी। इसी बात से नाराज होकर नेतराम बैकुंठपुर से गृह ग्राम आया था। इस दौरान देर शाम जमीन की रजिस्ट्री छोटी बहु के नाम करने को लेकर आक्रोशित नेतराम ने अपने पिता के सिर पर डंडे से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पिता की मौत के बाद आरोपी घर से भाग निकला लेकिन बाइक से भागते समय ग्राम सुर में वह ग्राम सुर में दुर्घटना का शिकार हो गया। आरोपी को दुर्घटना में काफी चोट आई है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है इसके साथ ही आरोपी को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## मुख्यमंत्री साय ने स्वयं इस विषय पर पहल करने का दिया आश्वासन

# जारी है अधिवक्ता संघ की हड़ताल, मांगों को लेकर सीएम से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जिला एवं सत्र न्यायालय को चठिरमा विस्थापित करने को लेकर अधिवक्ता संघ का विरोध जारी है। अनिश्चितकालीन हड़ताल के तहत सोमवार को भी न्यायालयीन कामकाज ठप रहा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन किया। खास बात यह है कि अपनी मांगों को लेकर अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी मुलाकात की है। सीएम ने अधिवक्ता संघ की मांग को जायज ठहराते हुए स्वयं इस विषय पर पहल करने की बात कही है।

बता दें कि जिला एवं सत्र न्यायालय के नवीन भवन का निर्माण चठिरमा किए जाने को लेकर अधिवक्ता संघ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। वेतमान स्थल पर ही नवीन भवन का निर्माण कराने, न्यायालय की जमीन के कब्जे को खाली करने की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ 7 जुलाई से हड़ताल पर चले गए है। पूर्व में किए गए हड़ताल और समर्थन रैली के बाद भी कोई हल नहीं निकलने के बाद ही संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की थी। इस घोषणा के बाद शुक्रवार से जिला एवं सत्र न्यायालय के साथ ही सरगुजा में सभी प्रकार के न्यायालयीन काम काज ठप पड़े हुए है। सोमवार को भी कोर्ट के काम काज पूर्ण रूप से ठप रहे और संघ ने कोर्ट परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस आंदोलन के कारण लोगों को खासी परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। इस बीच संघ ने अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल सोनी ने बताया कि सीएम श्री साय ने उनकी मांगों को गंभीरता के साथ सुना और अधिकारियों से इस संबंध में बात की। उन्होंने भी कहा कि जब मंत्री, विधायक, सांसद और यहां तक कि विपक्ष व आम जनता भी इस बात से सहमत है कि न्यायालय भवन अपने वर्तमान स्थान पर ही बनना चाहिए तो फिर निर्माण में दिक्कत क्यों आ रही है। उन्होंने स्वयं इस विषय पर पहल करने की बात कही है। जिलाध्यक्ष श्री सोनी ने बताया कि जिला अधिवक्ता संघ अपनी मांगों के पूर्ण होने तक हड़ताल व आंदोलन जारी रखेगा। इस दौरान संघ के प्रमोद कुमार तिवारी, जनार्दन त्रिपाठी, अशोक दुबे, मनोज कुमार गुप्ता, गौरंगों सिंह, पारस नाथ ठाकुर, राजीव कुमार सिंहा, हेमंत तिवारी, वेद प्रकाश सिन्हा व अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### सिलफिली कालेज में लर्निंग लाइसेंस के लिए लगाया शिविर

**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में एनएसएस यूनिट द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला परिवहन विभाग सूरजपुर के सहयोग से महाविद्यालय में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया,यह कार्यक्रम जिला परिवहन विभाग सूरजपुर के सहयोग से संपन्न हुआ,कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य अमित सिंह बनाफर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ,कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी शांता कुजूर ने किया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता योगेश कुमार भंडारी जिला परिवहन अधिकारी सूरजपुर रहे,श्री भंडारी ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी,साथ ही विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए लर्निंग लाइसेंस बनवाने हेतु प्रेरित किया गया,कार्यक्रम में महाविद्यालय केकाफी संख्या में छात्र-छात्राओं का लर्निंग लाइसेंस बनाया गया,आवेदन भरने पश्चात इनका ऑनलाइन टेस्ट लिया गया,कार्यक्रम में आनंद तिवारी सुपरवाइजर आरटीओ ऑफिस सूरजपुर भी सक्रिय रहे,कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय के छात्रों के अलावा पार्वती महाविद्यालय एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

### पड़ोसी राज्यों से धान परिवहन कर रहे दो वाहन जब्त

**अम्बिकापुर।** राजस्व विभाग की टीम ने पड़ोसी राज्यों का अवैध धान परिवहन करने के मामले में अलग-अलग स्थानों पर धान लोड एक ट्रैक्टर एवं एक पिकअप को जब्त कर पुलिस को सुपुर्द किया है। कुसमी तहसील अंतर्गत चांदों-करचा मार्ग में बैरियर पर धान लोड ट्रैक्टर को जब्त किया है। श्रवण नगेशिया ट्रैक्टर से झारखण्ड का 23 बोरी धान परिवहन कर रहा था। राजस्व कर्मियों ने जब्त धान लोड ट्रैक्टर को चांदो पुलिस के सुपुर्द किया है। इसी तरह राजस्व विभाग की टीम ने रघुनाथनगर में 50 बोरी लोड एक पिकअप को जब्त किया है। उमाशंकर यूपी से 50 बोरी धान परिवहन कर रहा था जिसे टीम ने जब्त कर पुलिस के सुपुर्द किया है।

### शशिपुर में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम तेलईकछार केनापारा के एक युवक ने प्रेम प्रसंग के चक्कर में हताश होकर आज सोमवार की दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेलईकछार केनापारा निवासी 26 वर्षीय अमित गुप्ता उर्फ गुलशन पिता स्व. रामदास गुप्ता ने सोमवार की दोपहर ग्राम शशिपुर स्थित एक राइस मिल के समीप पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया गया कि युवक ने प्रेम प्रसंग की वजह से परेशान होकर फांसी लगाकर अपनी जान दी है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## अस्पताल प्रबंधन कई बार कर चुका है रास्ता बंद

# मोहल्ले के लोगों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर को बना दिया आम रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से आवागमन करने आम रास्ता बना देने से अब अस्पताल प्रबंधन सहित मरीज व परिजन की परेशानी बढ़ गई है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा कई बार रास्ता बंद करने की कोशिश की परंतु आसपास के आसपास मोहल्ले के लोगों द्वारा बनाए गए घेराव को न सिर्फ क्षतिग्रस्त कर देते है बल्कि पुनः आवागमन का मार्ग बना देते है। ऐसे में अब अस्पताल परिसर से ही मुख्य मार्ग आने के लिए लोग बाइक व चार पहिया वाहन से आवागमन करते है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**खास बात**

- आए दिन होती है चोरी की घटनाएं, असामाजिक तत्वों का बना अड्डा

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हर रोज बड़ी संख्या में लोग उपचार कराने आते है। कई मरीज ऐसे होते है जिन्हे अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जाता है जबकि कुछ लोगों को जांच उपरांत दवा का सेवन करने की सलाह चिकित्सकों द्वारा भेज दिया जाता है। अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीजों के दाखिल होते है ऐसे में मरीज के साथ परिजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए है। अस्पताल के वार्ड में मरीज व परिजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है परंतु अस्पताल परिजन में उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल परिसर में वैसे भी मरीज के परिजन की काफी भीड़ होती है वहीं अस्पताल के पीछे स्थित मोहल्ले के लोगों द्वारा अस्पताल परिसर को ही आने जाने का रास्ता बना दिया है और भीड़ भाड़ के बीच आवागमन करते है। लोग अन्य मार्ग की भांति ही बाइक सहित चार पहिया वाहन अस्पताल परिसर से लेकर गुजरते है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। अस्पताल परिसर में किसी प्रकार की दुर्घटना न हो इसे ध्यान में रखकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा मार्ग को बंद करने कई बार अहाता का निर्माण कराया था। बावजूद इसके असामाजिक तत्वों ने अहाता को तोड़ पुनः अस्पताल परिसर से रास्ता बना दिया है जो अब अस्पताल प्रबंधन के लिए सिर दर्द बन गया है।



अस्पताल परिसर में बनाए गए आम रास्ता।

### नहीं होना चाहिए आम रास्ता

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में विभिन्न उपकरण स्थापित की गई है। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से अस्पताल प्रबंधन द्वारा अस्पताल की भूमि पर चारों ओर अहाता का निर्माण कराकर सुरक्षित करने का प्रयास किया है। परंतु अस्पताल के पीछे स्थित मोहल्ले के लोगों द्वारा अपने स्वार्थ के लिए अहाता को तोड़ आम रास्ता बना दिया है जो गलत है। लोगों का कहना है कि अस्पताल परिजन से रास्ता बनाना गलत है इससे न सिर्फ अस्पताल आने वाले लोगों को परेशानी होती है बल्कि परिसर में लगाए गए उपकरण भी असुरक्षित हो गए है। ऐसे में अस्पताल परिसर से रास्ता होना गलत है।

### बढ़ी चोरी की घटनाएं

अस्पताल परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा व पुलिस की व्यवस्था है। बावजूद इसके अस्पताल परिसर से बाइक, स्कूटी की चोरी के अलावा वार्ड से मरीज के परिजन के कीमती सामान की चोरी आए दिन होती रहती है। यहां तक तक अस्पताल परिजन से चोरों जनरेटर व ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट से कॉपर के पाइप व तार को भी चोरी कर ले जाते है। हालांकि शाम होते है आपातकालीन कक्ष जाने वाले मुख्य गेट को छोड़ अन्य गेटों को बंद कर दिया जाता है परंतु अस्पताल के पीछे का रास्ता बंद नहीं होने के कारण असामाजिक तत्व व चोर आसानी से परिसर में दाखिल होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है।

### लगाएंगे गेट

अस्पताल परिसर से बाइक सहित चार पहिया वाहनों आवागमन को रोकने तथा परिसर में मवेशी दाखिल न हो इसके लिए जो आम रास्ता बना है उसे घेर कर घूमने वाले गेट लगाएंगे। जिससे लोग पैदल अस्पताल में आ सके।

-डॉ. आरसी आर्या, अस्पताल अधीक्षक



## ठंड से मवेशियों के राहत व बचाव के लिए गौ सेवा समिति के युवा सदस्य सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अचानक बढ़ती ठंड के प्रभाव से बेजुबान जानवर इस ठिठुरन में जान गंवाने विवश हो रहे हैं, इनकी सेवा व बचाव के लिए श्री श्याम गौ सेवा समिति और बालगोपाल गौ रक्षा समिति बिश्रामपुर के सदस्य रात को घूमकर बेजुबानों की हरसंभव मदद कर रहे हैं।

- आमजनों के सहयोग से ठिठुरते मवेशियों को अलाव जलाकर, पौष्टीक चारा, गुनगुना पानी व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही

रात की ठंड में जब सड़क किनारे कांपती,बेसुध और बेदम पड़ी गौमाताएं दिखाई देती हैं तो ये युवा उन्हें उठाकर अपने वाहनों में बिठाते हैं,कंबल में लपेटते हैं और सीधा कुम्दा रोड स्थित गौशाला लेकर पहुंचते हैं, वहां पशु चिकित्सक को बुलाकर उनका इलाज कराया जा रहा है। कई मवेशियों की हालत इतनी खराब थी कि सांसें थमने लगी थीं, लेकिन इन युवाओं की तत्परता ने कई जिंदगियों को मेहनत व सेवाभाव से बचाया है। इस राहत मिशन में नगर के आदित्य शर्मा, अक्षत पाठक, रंजीत दुबे, आनंद ठाकुर, मयंक साहू, महावीर गिरी और प्रिंस जायसवाल जैसे युवा दिन-रात जुटे हुए हैं। गौ रक्षा समिति के आदित्य शर्मा ने बताया कि हमारे लिए यह सेवा नहीं, आस्था है, टीम के साथियों ने ठंड से बेहाल कई गौमाताओं को गौशाला पहुंचाया, जहां उनके लिए गर्म बिछौने, गुनगुना पानी और पौष्टिक चारे की विशेष व्यवस्था की गई है। लगातार पशु चिकित्सक की निगरानी में उनका उपचार जारी है। इस पहल से प्रभावित होकर अब स्थानीय नागरिक भी जुड़ने लगे हैं। कोई कंबल दान कर रहा है, कोई पशुओं के लिए गुड़ और चारा दे रहा है।

स्थानीय लोगों ने भी इन युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी पहल समाज को नई दिशा देती हैं। इन युवाओं ने आमजनों को प्रेरणा दी है कि सेवा सिर्फ मंदिरों में नहीं, सड़कों पर भी होती है, जहां कोई मदद के लिए मौके पर पहुंच नहीं पाता, वहीं से कर्म रूपी असली पूजा शुरू होती है।



## सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज की प्रथम संगठनात्मक बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज की प्रथम संगठनात्मक बैठक रविवार को होटल आदित्य ज्योति में आईबी तिवारी एवं श्रीमती किरण मिश्रा की संयुक्त अध्यक्षता में हुई। बैठक में संभागभर के विप्र शामिल हुए। बैठक में समाज के संगठनात्मक विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से संगठन का संभागीय अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष सृजित करने निर्णय लिया गया।

बैठक में संभागीय पदाधिकारी के आतिथ्य में सरगुजा संभाग के सभी उपाध्यक्ष, उपसचिव एवं सह कोषाध्यक्ष एवं प्रत्येक जिले में एक मीडिया प्रभारी चयनित करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित सदस्यों ने निकट भविष्य में सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज का भव्य सम्मेलन आयोजित करने एवं सम्मेलन में संभाग के सभी विप्रों को आमंत्रित करने की योजना बनाई। सम्मेलन में समाज को एकजुट करने, रचनात्मक सामाजिक कार्यों की रूपरेखा तय करने तथा युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित करने की योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में परशुराम चौक निर्माण हेतु नगर निगम को प्रस्ताव भेजने तथा विप्र भवन निर्माण पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान समाज के गौरव कोरिया के डॉ.महेश मिश्रा एवं श्रीमती शिल्पा पाण्डेय को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन अभिषेक शर्मा ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, महिला एवं युवा सदस्य उपस्थित थे। सभी सदस्यों ने समाज हित में अपने सुझाव साझा किए।

## विधायक उद्धेश्वरी ने एसआईआर की जानकारी देने ली पदाधिकारियों की बैठक



**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने आदिवासी भवन में बीएलए 2 एवं भाजपा पदाधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने एसआईआर से संबंधित नगर पंचायत से लेकर ग्राम पंचायत के बूथ लेवल तक किस प्रकार से वर्ष 2003 की मतदाता सूची के अनुसार बीएलओ के माध्यम से फार्म भरा जाना है, जिसकी पूर्ण जानकारी देते हुए इस एसआईआर कार्य में बीएलए 2 की जिम्मेदारी अच्छे तरीके से होने के साथ साथ अच्छे से जांच पड़ताल कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि फर्जी तरीके से दूसरे राज्य के व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज न हो सके क्योंकि दूसरे जगह के व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो जाने पर चुनाव प्रभावित होता है। बैठक में मुख्य अतिथि द्वारा बीएलए 2 भाजपा कार्यकर्ता सहित उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को विस्तृत रूप से एसआईआर के बारे में जानकारी दी। बैठक में जिपं अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, मंडल अध्यक्ष शशि टोप्पो, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, संजय जायसवाल, लक्ष्मण सिंह पैकरा,जन्मजय सिंह, केदार गुप्ता, उमेश्वर ओझा, राकेश भारती, मो. समीम, राजेश्वर गुप्ता, पारस पाल, बालेश्वर नायक, मुरारी सोनी, ममता पैकरा, अंजू सिन्हा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर शहर ग्रामीण मंडल की हुई कार्यशाला

**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल शहर एवं ग्रामीण की संयुक्त कार्यशाला प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी, भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, कार्यशाला के वक्ता भीमसेन अग्रवाल एवं सहवक्ता थलेश्वर साहू, जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग, जिला उपाध्यक्ष संत सिंह, संध्या सिंह, जिला मंत्री राजेश्वर तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शहर एवं ग्रामीण अजय अग्रवाल अज्जू, सुरेन्द्र राजवाड़े तथा वर्तमान मंडक अध्यक्ष शहर एवं ग्रामीण के उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। कार्यशाला मे अतिथियों द्वारा एसआईआर के संबंध मे विस्तारपूर्वक कार्यकर्त्ताओं को बताया गया तथा निर्देश दिया गया की मतदाता गहन पुनरीक्षण मे बूथ अध्यक्ष एवं बीएलए 2 को सक्रियता से कार्य करना है जिससे मतदाता सूची सही एवं पारदर्शिता पूर्ण रूप से बन सके और आने वाले चुनाव मे किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी होने की संभावना भी न रहे। कार्यशाला मे स्वागत उदबोधन मंडल अध्यक्ष शहर अरविन्द मिश्रा ने एवं समापन उदबोधन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विजय राजवाड़े द्वारा दिया गया कार्यशाला का संचालन शहर महामंत्री राजू देवांगन द्वारा किया गया। कार्यशाला मे नीरज जिंदिया बंटी, लक्ष्मण कसेरा, भोला साहू, बजरंग राजवाड़े, सरोज साहू, कौशिल्या सिंह, ललिता तिवारी, असरफ इराकी, अजय सिंह, प्यारेलाल साहू, संदीप जायसवाल, आर्यन चौबे, विक्रांत तिवारी, अज्जू मित्तल, दीपक सोनवानी, रमेश अग्रवाल, तिलक राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित थे।





### पार्किंग की बहनों के साथ सेवा किटी समूह की बहने

**अम्बिकापुर।** सेवा किटी समूह की सदस्यों ने पार्किंग स्थलों पर कार्यरत महिलाओं को शॉल, मिठाई, सेनेटरी नेपकिन सहित अन्य जरूरत की सामग्री प्रदान की। संस्थापिका वन्दना दत्ता ने सेवा किटी के सेवा कार्यों से अवगत कराया और परिवार के बच्चों की शिक्षा, विवाह या अन्य जरूरतों में सहयोग संबंधी जानकारी दी। अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में जरूरतमंद कन्याओं के विवाह हेतु सेवा किटी समूह ने आर्थिक सहयोग किया तथा शारदा अग्रवाल, नीलिमा गोयल, रश्मि गुप्ता ने कन्याओं को विवाह हेतु सामग्री प्रदान की। इस दौरान गायत्री सुल्तानिया, कुंजबाला जायसवाल, नीलिमा गोयल, मधु चौदहा, सत्या दुबे, दीपमाला सिंह, स्मिता तिवारी आदि उपस्थित थीं।

### निधन

### सुनीता देवी

**बिश्रामपुर।** ग्राम कुंजनगर रेलवे स्टेशन चौक निवासी सुनीता देवी 55 वर्ष का सोमवार की प्रातः निधन हो गया,वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थीं।आज सोमवार को ही स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया,स्व.सुनीता देवी स्व. कृष्ण मुरारी गुप्ता (पप्पू) की पत्नी तथा विशाल गुप्ता एवं अभिषेक गुप्ता की माता थीं।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202510020700049**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः- 2025-2026
बिशुनपुर प.ह.न. 00019 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-किरण भगत, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक किरण भगत पति महेश्वर भगत निवासी विशुनपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम बिशुनपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1/210 रकबा 0.040 हे. भूमि के ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14.11.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/10/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

































## खबर संक्षेप



### जिला दवा विक्रेता संघ का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न, एकता पैनल का रहा दबदबा

**अम्बिकापुर।** गहमागहमी और उत्साह के बीच सरगुजा जिला औषधि विक्रेता संघ का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और अग्रसेन भवन मतदान केंद्र पर केमिस्ट साथियों की भीड़ उमड़ पड़ी। कुल 480 मतों का प्रयोग किया गया। इस चुनाव में एकता पैनल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रमुख पदों पर जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर अमित अग्रवाल ने अपने प्रतिद्वंदी नवीन गोयल को हराते हुए 302 मतों से विजय प्राप्त की। सचिव पद पर अजय पाठक ने 259 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वी सुमित कुमार अग्रवाल को पराजित किया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर प्रकाश श्रीवास्तव ने 304 मतों से अपने प्रतिद्वंद्वी शेखर गोयल को हराकर जीत दर्ज की। चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुआ। रायगढ़ से आए पर्यवेक्षक अजय अग्रवाल एवं राजनांदगांव से आए पर्यवेक्षक देवव्रत गौतम ने बताया कि चुनाव निष्पक्ष और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराया गया।

### छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ जिला शाखा अंबिकापुर द्वारा संवाद एवं सम्मान समारोह तथा प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ, जिला शाखा द्वारा विशेष संवाद कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गदाधर पण्डा, संरक्षक डॉ. परसा शर्मा तथा प्रांतीय समिति के सदस्य उपस्थित रहे। प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश भर के संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन के कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों के बीच संवाद स्थापित करना एवं चिकित्सकों की समस्याओं से अवगत होकर उनका स्थानीय एवं शासन स्तर पर निराकरण कराना। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न आयुर्वेद चिकित्सकों को उनके उल्लेखनीय सेवाओं एवं संगठन में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यसमिति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें संघ के संगठनात्मक विस्तार, चिकित्सकों की समस्याओं के निराकरण तथा आयुर्वेद सेवाओं के सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का आयोजन अविभाजित के जिला अध्यक्ष डॉ. आशुतोष सिंह के नेतृत्व में किया गया। आभार प्रदर्शन जिला सचिव डॉ. कुलदीप द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रीकृष्ण त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में अंबिकापुर, सूरजपुर तथा बलरामपुर जिले के सभी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सक एवं संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### त्रिपुरा राइफल के नायब सूबेदार के मुख्यालय स्थानांतरण होने पर दी गई भावभीनी विदाई



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ त्रिपुरा स्टेट राइफल के नायब सूबेदार जीवन सरकार का तबादला अगरतला मुख्यालय हो जाने के बाद आज सोमवार को उनके सम्मान में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण,सुरक्षा उपनिरीक्षक दिनेश पांडेय की अगुवाई में यूनिट के सदस्यों ने नायब सूबेदार को भावभीनी विदाई दी,बताया गया कि त्रिपुरा स्टेट स्टेट राइफल के नायब सूबेदार जीवन सरकार जो बिश्रामपुर में विगत दो वर्षों से पोस्ट कमांडर के पद पर तैनात रहे,उनकी सेवानिवृत्ति होने की तिथि आगामी 31 दिसंबर 2025 की है,रिटायरमेंट से ठीक पहले राज्य शासन ने उन्हें त्रिपुरा स्टेट राइफल के मुख्यालय अगरतला में पदस्थ किया है,तबादले आदेश के बाद उन्हें आज सोमवार को यहां से रवानगी देने से पूर्व उनके सम्मान मे एसईसीएल आरटीआई कैंप में विदाई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दी गई,बता दें कि एसईसीएल ने करीब पांच वर्ष पूर्व खदानों से कोयला,कबाड़,डीजल चोरी की बढ़ी घटनाओं के बाद त्रिपुरा सरकार से जवानों को खदान में सुरक्षा कार्य कराने अनुबंध किया था,वर्तमान में बिश्रामपुर क्षेत्र में करीब 60 सशस्त्र जवान त्रिपुरा स्टेट राइफल सहित सीआईएसएफ के दो दर्जन से अधिक जवान यहां खदानों सहित मैगजीन की सुरक्षा में तैनात हैं।

## संत गहिरा गुरु फुटबॉल प्रतियोगिता पर शाहपुर की टीम ने जमाया कब्जा

# खिलाड़ियों को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए : सांसद चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

**खास बात**
- गोपातु की टीम रही उप विजेता

ग्राम पंचायत सामरी में संत गहिरा गुरु फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज की उपस्थिति में खेल गया। फाइनल मुकाबला शाहपुर व गोपातु टीम के बीच खेला गया। शाहपुर की टीम ने बेहतर खेल कर प्रदर्शन करते हुए गोपातु टीम को 3-0 से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम की। मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज ने विजेता एवं उपविजेता टीम ने नगद राशि व शील्ड देकर सम्मानित किया।



विजेता टीम को पुरस्कार देते सांसद व अन्य।

सामरी खेल मैदान में संत गहिरा गुरु फुटबॉल मैच के फाइनल मैच सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा सर्वप्रथम संत गहिरा गुरु महाराज की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करते हुए पूजा अर्चना के साथ शुरुआत की। उन्होंने दोनों फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों के बीच पहुंच कर टास्क कराया खेल की शुरुआत की। इस बीच उपस्थित सभी खिलाड़ी एवं दर्शक से भेंट मुलाकात करते हुए दूर दूर से आए हुए ग्रामीण क्षेत्रों की जनता के बीच बैठकर उनका का हाल चाल पूछा। खेले गए फाइनल मुकाबला में ग्राम पंचायत गोपातु एवं ग्राम पंचायत शाहपुर के खिलाड़ियों ने शानदार फुटबॉल खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि शाहपुर की टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाते हुए गोपातु टीम को 3-0 से पराजित प्रतियोगिता अपने नाम की। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को 51 हजार रुपए एवं शील्ड तथा उप विजेता टीम को 31 हजार रुपए एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि खुशी की बात है कि आज परम पूज्य संत गहिरा गुरु महाराज के नाम से सामरी में फुटबॉल मैच हिंडालको द्वारा आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी को हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। चिंतामणि महाराज ने कहा कि कोरवा जनजाति, बिरजिया जनजाति के युवा खिलाड़ियों द्वारा भी इस खेल में भाग लिया गया है जो खुशी की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जन मन प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सभी पहुंच विहीन ग्राम पंचायत में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल सहित अन्य प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार की यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। गहिरा गुरु महाराज के आदर्शों पर हम सभी को हमेशा चलना चाहिए , जिससे जीवन में हमेशा हम सभी को सुख मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यस्तता के कारण सामरी में ज्यादा दौरा नहीं कर पाता हूं, संसदीय क्षेत्र लम्बा होने के चलते सभी जगह दौरा करना जरूरी हो जाता है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि सामरी के विकास कार्य हेतु कभी किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दिया जाएगा। इस दौरान हिंडालको के प्रबंधक संजय पार्थी, हिंडालको सीएसआर प्रभारी विजय मिश्रा , जिपं सदस्य संजीता नाग, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, रामानंद यादव, मथुरा प्रसाद गुप्ता, राम सुंदर यादव, संजय जायसवाल, राकेश भारती, प्रदीप गुप्ता, बालेश्वर नायक, रामलाल यादव, अर्जुन यादव, प्रीतम गुप्ता, चंदन यादव, रमेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, मनान खान सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



## साईं धाम में विश्व अखण्ड भजन का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- अलग-अलग भजन मण्डलियों ने निरंतर 24 घंटे किया भजन, महामंगल आरती के साथ हुआ सम्पन्न

श्री सत्य साईं सेवा समिति बिश्रामपुर द्वारा स्थानीय साईं धाम में विश्व अखंड भजन का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन मानवता के कल्याण, विश्व शांति, प्रेम,भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के संचार के लिए समर्पित था।

दो दिनों तक साईं धाम का वातावरण साई राम भक्ति रस से भर गया। 8 नवंबर सायं 5.30 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण एवं वेद पाठ के साथ अखंड भजन की शुरुआत हुई। लगातार 24 घंटे तक बिना रुके साईं भजनों का गायन चलता रहा और 9 नवंबर की शाम 6 बजे महामंगल आरती के साथ समापन हुआ। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को भोग-प्रसाद वितरण किया गया। इस अखंड भजन में बिश्रामपुर समिति सहित मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, अंबिकापुर, सूरजपुर, जरही, कुम्दा, रेलवे स्टेशन कुंजनगर, सतपता और सपकरा की भजन मंडलियां शामिल हुईं। सभी मंडलियों ने साईं भजनों की मधुर लहरियों से वातावरण को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। पूरे परिसर को दीपों, साई बाबा के चित्रों, पुष्पमालाओं और रंगबिरंगे झालरों से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर अपने जीवन में प्रकाश, प्रेम और करुणा के मार्ग को अपनाने का संकल्प लिया। भजन के दौरान प्रेम ही साईं का स्वरूप हैं, सेवा ही सच्ची भक्ति है जैसे संदेशों को भावनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि मानवता में एकता और विश्व बंधुत्व की भावना को प्रबल करना है। आयोजन को सफल बनाने में सभी साईं भक्त सक्रिय रहे।

## कन्या शाला में कैरियर गाइडेंस पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मुरली मित्र वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शहर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को कैरियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर संदीप श्रीवास्तव ने छात्राओं को परीक्षा भय से मुक्ति, अवसाद पर विजय, समय प्रबंधन, उचित मित्र चक्र का चयन तथा एकाग्रता बढ़ाने जैसे विषयों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। श्रीवास्तव ने कहा सपने वे नहीं जो नींद में देखे जाते हैं, सपने वे हैं जो आपको सोने नहीं देते। मुरली मित्र वेलफेयर फाउंडेशन के राज्य समन्वयक मनोज प्रजापति, हसनैन आलम, शिवेंद्र तारम एवं सत्येंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले कई वर्षों से संस्था निःशुल्क ऐसे आयोजन कर मोबाईल-सोशल मीडिया की लत, गलत संगत एवं समय प्रबंधन की कमी से जूझ रहे छात्र-छात्राओं को मानसिक बल प्रदान कर रही है। संस्था का अगला लक्ष्य सरगुजा की बालिकाओं को निःशुल्क कराटे एवं ताइक्वांडो प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है, ताकि वे आत्मरक्षा के साथ-साथ अनुशासन एवं आत्मविश्वास भी प्राप्त कर सकें। संस्था ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने तथा विशेष रूप से सरगुजा जिले के प्रत्येक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मोटिवेशनल सत्र पहुंचाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम के दौरान परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का सम्मान मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। पुरस्कृत छात्राओं में मानसी गुप्ता, साक्षी जायसवाल, प्रतिमा, सृष्टि जायसवाल, संगीता सिंह, मान्या गुप्ता, शिखा साहू, वैष्णवी, तन्नू सोनी, जमुना पोर्टे रही।

## मंत्री राजवाड़े ने खड़ौली एवं पंडोनगर में आंगनबाड़ी विद्यालय के बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जन्मदिन पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने किया हवन-पूजन
- ग्रामीण ऑन से की मुलाकात और किया कंबल वितरण

छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री एवं भटगांव विधानसभा की विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।



उन्होंने ग्राम पंचायत बीरपुर स्थित अपने निज निवास में गायत्री परिवार द्वारा वैदिक विधि-विधान से आयोजित हवन-पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान से समाज के कल्याण की प्रार्थना की। पूजा उपरांत मंत्री श्रीमती राजवाड़े बारह मील हनुमान मंदिर, वीरपुर पहुंचीं। जहाँ उन्होंने भगवान बजरंगबली के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की माताओं, बहनों, बच्चों एवं युवाओं के उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर बिलासपुर से आए युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्रीमती राजवाड़े को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। मंत्री राजवाड़े ने कहा कि जनता का विश्वास और स्नेह उन्हें निरंतर जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रेरित करता है। इसके पश्चात मंत्री श्रीमती राजवाड़े ग्राम खड़ौली विकासखण्ड ओड़गी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचीं। उन्होंने बच्चों से स्नेहपूर्ण भेंट कर उन्हें अध्ययन सामग्री एवं उपहार प्रदान किए। पंडो समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं और ग्रामीणों के साथ बातचीत करते हुए ठंड के मद्देनजर गर्म कपड़ों का वितरण किया। इसी क्रम में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ग्राम पंडो आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया तथा उन्हें कॉपी, पेन एवं चॉकलेट भेंट किए। साथ ही ग्राम पंडो नगर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। यहां भी ठंड को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद ग्रामीणों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए।

## कुरवां -डेडरी रोड स्थित पुल समीप तेज रफ्तार कोयला लोड ट्राला अनियंत्रित होकर पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम कुरवां - डेडरी रोड स्थित पुल के पास आज सोमवार को कोयला लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया है,साथ ही एक और कोयला लोड ट्रेलर गायत्री खदान के समीप भी पलट गया है।

दोनों दुर्घटना में किसी तरह की कोई जनहानि की खबर नहीं है,इसका मुख्य कारण कोल ट्रांसपोर्ट की ट्रिप संख्या बढ़ाने के लिए चालकों के द्वारा जल्दबाजी बरतने को बताया जा रहा है,गौरतलब है



कि सोमवार की दोपहर ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 10 डीएन 5609 का चालक कोयला लोडकर बिश्रामपुर की तरफ आ रहा था,तभी बिश्रामपुर-मानी मुख्य मार्ग पर डेडरी पुल के समीप ट्रेलर चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया,दुर्घटना होने उपरांत वाहन चालक मौके से फरार हो गया है,ग्रामीणों ने बताया कि इसी तरह एक और कोयला लोड ट्रेलर वाहन गायत्री खदान के समीप भी अनियंत्रित होकर पलट गया है,लोगों का कहना है यहां पर कोयला परिवहन की आपसी प्रतिस्पर्धा होने की वजह से इस तरह की घटनाएं आए दिन घटित हो रही हैं,जिससे कभी भी गंभीर हादसा होने की संभावना बनी रहती है।

## कार का पहिया एक्सल सहित निकल गया बाहर, बाल- बाल बचे सवार

**लखनपुर।** एनएच 130 पर तेज रफ्तार एसयूवी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान कार का पहिया एक्सल सहित बाहर आ गया। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह अंबिकापुर से एसयूवी वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 2248 लखनपुर की ओर जा रही थी। इस दौरान एनएच 130 पर रजपुरीकला के समीप अचानक ही कार का अगला पहिया एक्सल सहित बाहर निकल गया और कार अनियंत्रित होकर तीन से चार बार पलटते हुए खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को बहार निकालकर उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती करा दिया है जबकि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



## जिले के प्रतिभाशाली और मेहनती युवाओं के लिए निशुल्क सीजीपीएससी कोचिंग की सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के युवाओं के लिए अब सफलता का रास्ता और भी आसान हो गया है। जिला प्रशासन और एसईसीएल भटगांव और व्यापम सहयोग से आज़ाद फाउंडेशन ने एक अनोखी पहल की है। ..जिले के प्रतिभाशाली और मेहनती युवाओं के लिए निःशल्क सीजीपीएससी और व्यापम कोचिंग की सुविधा शुरू की है। कोचिंग की शुरुआत एसईसीएल के सीएसआर फंड से की गई है, जिसका उद्देश्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होनहार छात्र भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें।

इस पहल की लोकप्रियता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि शुरुआत में ही 125 विद्यार्थियों ने एडमिशन ले लिया है। पहले जहां जिले के छात्रों को तैयारी के लिए अंबिकापुर या बिलासपुर जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। अब वे अपने ही जिले में उच्चस्तरीय कोचिंग प्राप्त कर सकेंगे। इससे न सिर्फ छात्रों को घर से दूर जाने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा, बल्कि परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ भी काफी कम होगा। कोचिंग में पढ़ाने के लिए अनुभवी और एक्सपर्ट शिक्षकों की टीम तैयार की गई है, जो छात्रों को विषयवार मार्गदर्शन, परीक्षा रणनीति, और मॉक टेस्ट की सुविधा प्रदान करेगी। शिक्षकों का उद्देश्य सिर्फ़ पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें सफलता की ओर अग्रसर करना है। यह पहल ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़े युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर साबित हो रही है। अब जिले के छात्र भी बेहतर मार्गदर्शन और संसाधनों के साथ सरकारी नौकरियों की तैयारी कर सकेंगे। इस कोचिंग से न केवल युवाओं का भविष्य उज्जवल होगा, बल्कि जिले के समग्र विकास में भी योगदान मिलेगा।

## विराट शिव गुरु महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- दीदी बरखा आनंद और भैया अर्चित आनंद ने दिया शिवभाव का संदेश

शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के तत्वाधान में शासकीय महाविद्यालय खेल मैदान में विराट शिव गुरु महोत्सव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन आध्यात्मिक स्वरूप का रहा, जिसका उद्देश्य महेश्वर शिव के गुरु स्वरूप से जन-जन को जोड़ना ताकि हर व्यक्ति के भीतर शिवभाव जागृत हो सके और वह अंधविश्वास, कुरीतियों एवं सामाजिक विभेदों से मुक्त होकर सत्य, ज्ञान और शिव के मार्ग पर अग्रसर हो।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दीदी बरखा आनंद ने ने कहा कि“शिव केवल नाम के नहीं बल्कि काम के गुरु हैं। शिव के औढरदानी स्वरूप से धन, धान्य, संतान और संपदा प्राप्त करने की परंपरा तो सर्वविदित है, परंतु अब समय है कि उनके गुरु स्वरूप से भी हम ज्ञान प्राप्त करें। ज्ञान के बिना कोई भी संपत्ति या वैभव व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव जगतगुरु हैं और हर धर्म, जाति, संप्रदाय या लिंग के व्यक्ति उन्हें अपना गुरु बना सकता है। शिव का शिष्य बनने के लिए किसी दीक्षा या औपचारिकता की आवश्यकता नहीं, केवल यह विचार शिव मेरे गुरु हैं ही शिष्यता की शुरुआत करता है। यही भावना हमें शिव से जोड़ती है और शिवभाव को स्थायी बनाती है। अर्चित आनंद ने कहा कि यह विचार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि गहन आध्यात्मिक है। यह किसी संप्रदाय की सीमाओं में बंधा नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के शाश्वत संबंध की अनुभूति कराता है। उन्होंने कहा कि शिव का शिष्य होना ही मानवता की सर्वोच्च साधना है। उन्होंने अपने वक्तव्य में शिव शिष्यता के तीन सूत्र भी साझा किए। महोत्सव में क्षेत्र के समीपवर्ती गाँवों और नगरों से हजारों की संख्या में शिव शिष्य परिवार के गुरु भाई-बहन उपस्थित हुए। पूरे परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था, जहां श्रद्धा और भक्ति का वातावरण शिवमय बना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय, वन विकास निगम अध्यक्ष एवं कैबिनेट दर्जा प्राप्त रामसेवक पैकरा, विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमणि देवपाल पैकरा, जिला सदस्य लवकेश पैकरा, मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, उपाध्यक्ष अजित शरण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### करवां की दो छात्राओं का प्रथम नेशनल टीचर साइंस कांग्रेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**करवां।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवां की दो प्रतिभाशाली छात्रा पूनम रजवाड़े एवं गीता सिंह ने प्रथम नेशनल टीचर साइंस कांग्रेस में अपने नवाचार मॉडल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता का परचम लहराया। देश भर से 162 वैज्ञानिक परियोजनाओं में से इनकी प्रस्तुति को शीर्ष तीन उत्कृष्ट परियोजनाओं में चयनित किया गया। इनकी गाइड टीचर डॉक्टर निशा सिंह रही। डॉ निशा सिंह ने बताया कि बालिकाओं ने सोलर से चलने वाला एक सैनिटेशन किट बनाया है जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंदो एवं विद्यालयों में लगाकर महामारी के दिनों में बायोडिग्रेडेबल पैड एवं उसे सेनीटाइज करने की सुविधा आसानी से प्रदान की जा सकती है। यह मशीन सोलर पैनल से चलती है अतः बिजली के कटने का खतरा भी इसमें नहीं होता। इसमें कई अन्य फीचर भी है। यह पुरस्कार सिर्फ विद्यालय छात्राओं का नहीं बल्कि विद्यालय की वैज्ञानिक सोच, नवाचार क्षमता और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रमाण है। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवां को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में अग्रणी पहल करने हेतु देश के 75 चयनित विद्यालयों में से तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में स्थान प्राप्त हुआ है। यह चयन विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार शीलता और समावेशी दृष्टिकोण को दर्शाता है। साथ ही डॉक्टर निशा सिंह के शोध पत्र का चयन उत्कृष्ट शोध पत्रों के अंतर्गत किया गया जिसमें उन्होंने छात्रों को व्यवसायिक शिक्षा से किस प्रकार जोड़ा जा सकता है इस पर शोध किया था।

### जनजातीय पखवाड़ा अंतर्गत रामानुज नगर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**रामानुजनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनजाति पखवाड़ा के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य पीसी सोनी ने भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जनजाति पखवाड़ा में छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। हॉस्टल के छात्रों द्वारा शैला नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा बच्चों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार शर्मा एवं विद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी विद्या जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य सीमा दुबे, व्याख्याता विकास नामदेव, गोपाल सिंह, नरेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, नितिन सिन्हा, आशा बरवा, श्रुति साहू, मंजरी तिवारी, प्रधान पाठक प्रकाश कुमार जोल्हे, शिक्षक बिहारी लाल साहू, पुष्पेंद्र ठाकुर,योगेश साहू, वर्षा सिंह प्रयोगशाला सहायक श्याम सिंह मरावी, विकास देवांगन सहित विद्यालय के समस्त छात्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### बस स्टैंड में एक ही रात में तीन जगहों पर चोरों ने बोला धावा, पार किया सामान



**रामानुजगंज।** नगर के सबसे व्यस्त इलाके बस स्टैंड में बीती रात चोरों ने धावा बोलते हुए तीन दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। यह पूरा घटनाक्रम रामानुजगंज थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर हुआ, जिससे अब पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठने लगे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस स्टैंड स्थित संतोष होटल में चोरों ने एक पेटी रिफाइंड तेल, मिठाइयां तथा लगभग 5 हजार रूपए नगद चोरी कर लिया। वहीं होटल के बगल में स्थित रजाई दुकान से चोरों ने 13 हजार नगद एवं करीब 30 हजार कीमत के गद्दे, तकिए और कम्बल चोरी कर ले गए। दुकान संचालक अहमद मंसूरी ने बताया कि चोर दुकान के पीछे की दीवार तोड़कर अंदर घुसे और घटना को अंजाम दिया। इसी दौरान पास ही स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में भी चोरी का प्रयास किया गया। चोरों ने पीछे की ओर गड्ढा खोदकर अंदर घुसने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके अलावा नगर की निजी शैक्षणिक संस्था लिटिल फ्लावर स्कूल में भी चोरी की एक और घटना सामने आई है। चोरों ने दराज का ताला तोड़कर 15 हजार नगद, जो स्कूल फीस के रूप में रखे गए थे, चोरी कर लिए। सुबह सफाई कर्मी ने ताला टूटा देखा तो स्कूल प्रबंधन को इसकी जानकारी दी। नगर के सबसे व्यस्त बस स्टैंड क्षेत्र में जहां 24 घंटे लोगों की आवाजाही और बसों का आवागमन बना रहता है, वहां चोरी की यह घटनाएं लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस से रात्रि गश्त को सख्त करने एवं चोरों को शीघ्र पकड़ने की मांग की है।

## शासन ने दी 2152 लाख की प्रशासकीय मंजूरी

# चार नई लघु सिंचाई परियोजनाओं एवं दो जर्जर परियोजनाओं के जीर्णोधार की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सिंचाई सुविधाओं की दृष्टि से पिछड़े सरगुजा में शासन ने छह लघु सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की है। शासन की स्वीकृति के बाद विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। अधिकारी दिसम्बर से नई सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण प्रारंभ करने की बात कह रहे हैं।

**खास बात**

- 9 गांवों की 1024 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

सरगुजा में प्राकृतिक जल स्त्रोतों की बहुलता होने के बावजूद सिंचाई सुविधाओं की भारी कमी है। सिंचाई की सुविधा नहीं होने के कारण बड़े इलाके के किसान खेती के लिए वर्षा जल पर निर्भर है। ऐसे इलाकों में किसान सिर्फ वर्षा आधारित धान की खेती करते हैं जबकि रबी सीजन में जमीन खाली पड़ी रहती है। कुछ क्षेत्रों में किसान सिंचाई पंप लगाकर खेती कर रहे हैं। ऐसे क्षेत्रों में कृषक लगातार नवाचार कर रहे हैं। जहां सिंचाई के साधन उपलब्ध हैं वहां किसान खरीफ एवं रबी फसलों की खेती करने के साथ ही पूरे साल अपनी जमीन में खेती कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र के विस्तार से न केवल ग्रामीण आबादी के रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है बल्कि किसानों की आय भी बढ़ रही है। सरगुजा में पूर्व में निर्मित लघु सिंचाई परियोजनाओं की क्षमता में भारी कमी आई है। वहीं प्राकृतिक जलस्त्रोतों पर लगातार सिंचाई परियोजनाएं विकसित करने की मांगें उठ रही है। शासन द्वारा हर साल कुछ परियोजनाओं की स्वीकृति भी प्रदान की जा रही है लेकिन अभी भी सरगुजा का बड़ा इलाका सिंचाई सुविधाओं से वंचित है। शासन ने हाल ही में सरगुजा की चार लघु सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की है। इन परियोजनाओं के तैयार होने पर दूरस्थ क्षेत्र के किसानों को अब खरीफ एवं रबी सीजन में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। शासन द्वारा चार नई लघु सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की है वहीं दशकों पुरानी दो सिंचाई परियोजनाओं के जीर्णोद्धार की स्वीकृति दी है। इन परियोजनाओं के बनने से 9 गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी तथा 1024 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकेगी।

### इन परियोजनाओं की मंजूरी

शासन ने जिन सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की है उनमें घाझ झरिया व्यपवर्तन योजना के एबीसी का कार्य कुंवरनाला स्टापडेम सह काजवे निर्माण, ग्राम घघरी में एनीकट निर्माण एवं ग्राम जजगा स्थित गोठान के निकट एनीकट सह काजवे का निर्माण शामिल है। शासन ने पंडरीडांड जलाशय एवं नहर तथा डांडगांव जलाशय एवं नहर के जीर्णोद्धार की भी स्वीकृति प्रदान की है। पंडरीडांड जलाशय एवं जहर के क्षतिग्रस्त होने से 233 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता वहीं जर्जर डांडगांव जलाशय एवं नहर के कारण 276 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता में कमी आई है। दोनों जलाशयों एवं नहरों का जीर्णोद्धार होने पर 506 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी।

### लंबित परियोजनाओं को स्वीकृति का इंतजार

मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद विभाग ने वर्षों से लंबित आधी-अधूरी सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। सरगुजा भी साखन नाला व्यपवर्तन सिंचाई वर्ष 2008 से आधी-अधूरी पड़ी है। परियोजना की स्वीकृत राशि खर्च हो गई तथा हेड वर्क एवं नहर निर्माण का कार्य पूरा नहीं हो सका। आधे-अधूरे निर्माण के कारण इस परियोजना का लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है साथ ही लागत में भी वृद्धि हो रही है। इसी तरह कोटछाल सिंचाई परियोजना का निर्माण वर्षों पूर्व पूरा हो गया है तथा किसानों को सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन बांध निर्माण के लिए अर्जित भूमि का मुआवजा किसानों को भुगतान नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद विभाग ने दोनों परियोजनाओं का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इन परियोजनाओं के वित्तीय स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है।

### चल रही टेंडर की प्रक्रिया

शासन द्वारा स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं की टेंडर प्रक्रिया चल रही है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा। राशि के अभाव में लंबित साखेन नाला डायवर्सन एवं कोटछाल परियोजना के भू अर्जन राशि का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

-एपी निरंजन
ईई, जल संसाधन विभाग



# खेत में सुनहरी धान की बालियां देखकर खुद को रोक नहीं सके मंत्री नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र में कृषि मंत्री रामविचार नेताम इन दिनों प्रवास पर हैं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के किसानों से मुलाकात की और धान की फसल की स्थिति का जायजा लिया। धान की कटाई का समय चल रहा है और इसी क्रम में मंत्री रामविचार नेताम पत्नी पुष्पा नेताम के साथ अपने खेत पहुंचे। खेत में सुनहरी धान की बालियां देखकर वे खुद को रोक नहीं पाए और मशीन से धान की फसल काटने लगे। इस दौरान उनकी पत्नी पुष्पा नेताम भी उनके साथ मौजूद रहीं और उन्होंने भी फसल कटाई में हाथ बंटाया।

- खुद से अपने खेत में मशीन से करने लगे धान कटाई

मंत्री नेताम ने कहा कि वे स्वयं एक किसान के पुत्र हैं और खेती-किसानी से उनका गहरा जुड़ाव है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी पुष्पा नेताम की भी कृषि कार्यों में गहरी रुचि है। धान की बुवाई से लेकर कटाई तक के प्रत्येक चरण में वे दोनों स्वयं उपस्थित रहते हैं और कार्य में भागीदारी करते हैं। उन्होंने कहा कि खेती सिर्फ आजीविका का साधन नहीं, बल्कि हमारे जीवन और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। रामविचार नेताम ने किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में धान की खरीदी सुचारू रूप से हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही हैं। मंत्री ने किसानों से आग्रह किया कि वे फसल की गुणवत्ता पर ध्यान दें और प्राकृतिक खेती को अपनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने मंत्री दंपति का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके खेतों में श्रम करते देख उत्साहित हुए। मंत्री नेताम के इस सरल और कृषक भाव ने लोगों के बीच एक प्रेरक संदेश दिया कि चाहे पद कितना भी बड़ा क्यों न हो, मिट्टी से जुड़ाव ही असली पहचान है।



# बायो मेडिकल वेस्ट का निपटान नियमानुसार करने के निर्देश

**अंबिकापुर।** सोमवार को बायो मेडिकल वेस्ट को लेकर संभागीय बैठक ली गई। बैठक के दौरान संभागायुक्त व जैव अपशिष्ट प्रबंधन का क्रियान्वयन नियमानुसार करने के निर्देश दिए गए। बता दें कि 10 नवंबर को संभागायुक्त डॉ. नरेंद्र कुमार दुग्गा, संभागीय संयुक्त संचालक डॉ. अनिल कुमार शुक्ला की मौजूदगी में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन संबंधी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयुक्त श्री दुग्गा ने सभी जिलों में निजी अस्पतालों को क्षेत्रीय पर्यावरण कार्यालय से आवश्यक वेद पंजीयन करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाएं एवं निजी संस्थाओं को जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम का पालन करने के निर्देश दिए गए है। सभी स्वास्थ्य संस्थाएं, सीडब्ल्यूएटीएफ से अनुबंध करने हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया तथा पंजीयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। इस दौरान उपायुक्त आरके खूंटे, उपायुक्त श्रीमती शारदा अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस मार्को, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सरगुजा डॉ. पुष्पेंद्र राम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जशपुर राजीव रंजन मिश्रा एवं क्षेत्रीय पर्यावरण कार्यालय के प्रतिनिधि तथा बायोमेडिकल वेस्ट डायरेक्टर विपिन मलिक डीएम टेक्नो सॉफ्ट एवं संभाग के शेष जिलों व उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# डॉ. तिर्की ने बृहस्पत पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



पत्रकारों से चर्चा करते पूर्व महापौर।

रामानुजगंज के पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह द्वारा कांग्रेस के सह प्रभारी पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए पैसे मांगे जाने के लगाए गए आरोपों के बाद आज कांग्रेस प्रत्याशी रहे एवं अंबिकापुर के पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की ने प्रेस वार्ता कर बृहस्पति सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाए।

डॉ. तिर्की ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हराने के लिए बृहस्पति सिंह ने भाजपा से करोड़ों रुपए लिए थे और भाजपा प्रत्याशी के साथ प्रचार में भी शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रदेश सह प्रभारी जरिता को नियुक्त किया गया, जो संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस को एकजुट करने का कार्य कर रही हैं। उनके खिलाफ इस प्रकार की बातें करना घोर निंदनीय है। डॉ. तिर्की ने कहा कि बृहस्पति सिंह को सुर्खियों में बने रहने की आदत है। इसी कारण वे अक्सर उलूल-जलूल बयान देते रहते हैं।


उन्होंने कहा कि उनके बयान से यह स्पष्ट है कि महिला सम्मान के प्रति उनका नजरिया क्या है। इससे पहले भी उन्होंने छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस प्रभारी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। डॉ. तिर्की ने आरोप लगाया कि जब बृहस्पति सिंह विधायक थे, तब उन्होंने संगठन के साथ कभी तालमेल नहीं बनाया और हमेशा अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए काम किया। उन्होंने उन पर बंगाली बसाहट की जमीन को अवैध रूप से हड़पने का भी आरोप लगाया। डॉ. तिर्की ने बताया कि वे चार बार से कांग्रेस पार्टी से टिकट की मांग कर रहे थे और पांचवीं बार उन्हें टिकट मिला।

लेकिन उस दौरान बृहस्पति सिंह ने उन्हें हराने के लिए कार्य किया। इस प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, मनोज दुबे, मोहन सिंह भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह व्यास, मुनि यादव एवं अशोक गौड़, प्रमोद गोस्वामी नीरज गुप्ता उपस्थित रहे।

# नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ाया युवक, गया जेल

**अम्बिकापुर।** शहर के मौलीबांध तालाब समीप नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहे युवक को संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। टीम ने युवक के पास से 32 नग नशीले इंजेक्शन बरामद कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

क्षेत्र गश्त कर रहे संभागीय उड़नदस्ता टीम को रविवार की शाम मुखबिर से सूचना मिली कि मौलीबांध तालाब गौरव पथ के समीप ब्रह्म पारा का दिलीप नामदेव स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीडी 6451 से घूम घूम कर नशीला इंजेक्शन बेच रहा है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने तत्काल उड़नदस्ता टीम के साथ मौली बांध तालाब के आसपास घेराबंदी कर संदिग्ध हालत में घूम रहे युवक को देख पूछताछ किया तो युवक ने अपना नाम दिलीप नामदेव बताया।



उड़नदस्ता की टीम ने जब स्कूटी की तलाशी ली तो स्कूटी की डिक्की से एक काले रंग के पॉलिथीन 32 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। उड़नदस्ता की टीम ने युवक को नशीला इंजेक्शन सहित स्कूटी का जब्त कर गिरफ्तार कर लिया। आज उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि दिलीप नामदेव को रसल नामक व्यक्ति ने नशीला इंजेक्शन सप्लाई किया था। रसल नामक व्यक्ति ही अभी अंबिकापुर का सबसे बड़ा नशीला इंजेक्शन सप्लायर है जो बड़ी चालाकी से लोगों को इंजेक्शन सप्लाई कर रहा है। लेकिन बहुत दिन तक वह आबकारी उड़न दस्ता टीम को चकमा नहीं दे सकता। उड़नदस्ता के कई मामलों में रसल सह आरोपी है जिसकी तलाश की जा रही है। आबकारी अधिकारी ने बताया कि जो भी व्यक्ति इंजेक्शन सप्लायर रसल को पकड़वाएगा उसको उड़नदस्ता टीम से उचित इनाम दिया जाएगा। आबकारी उपनिरीक्षक तेजराम केहरी, मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को जर्जर सड़क से मिली राहत

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर स्थित जर्जर सड़क का डामरीकरण आज से शुरू किया गया। सड़क पर डामरीकरण होने से न सिर्फ अस्पताल प्रबंधन ने राहत की सांस ली बल्कि अब परिजन को भी स्ट्रेचर से मरीज को विभिन्न जांच कराने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर की सड़क मरम्मत के अभाव में काफी जर्जर हो गई थी। सड़क डामरीकरण का बहुप्रतीक्षित कार्य आज पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा प्रारम्भ किया गया। लंबे समय से निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे इस सड़क कार्य के पूर्ण हो जाने से अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों एवं परिजन को बेहतर एवं सुगम सड़क सुविधा प्राप्त होगी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार अब तक खराब सड़क के कारण स्ट्रेचर एवं व्हील चेयर के माध्यम से मरीजों को विभिन्न जांच व उपचार के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में परिजन को काफी परेशानियों का सामना करना पडता था। इसके अलावा जर्जर



सड़क पर स्ट्रेचर एवं व्हील चेयर को चलाने के दौरान कुछ ही दिनों में खराब हो जाती थी। अब परिसर की सड़क के निर्माणोपरांत यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी और मरीज के ले जाने के दौरान परिजन को ज्यादा दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस दौरान मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ, वार्ड पार्षद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

